अनुक्रमांक                    नाम ......

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2023–24

## कक्षा – दशम्

## विषय : हिन्दी

निर्धारित समय : 3:15 घण्टे                    पूर्णांक : 70

**सामान्य निर्देश :**

1. प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर खण्डों के क्रमानुसार ही करिए।
2. कृपया जांच लें प्रश्न पत्र में प्रश्नों की कुल संख्या 30 तथा मुद्रित पृष्ठों की संख्या 04 है। कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
3. घण्टी का प्रथम संकेत प्रश्न पत्रों के वितरण एवं प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए है। 15 मिनट के पश्चात घण्टी के द्वितीय संकेत पर प्रश्न पत्र हल करना प्रारम्भ करें।

### खण्ड–अ (1x20=20)

### बहुविकल्पीय प्रश्न

1. हिन्दी का प्रथम उपन्यास है– (1)

   क. गोदान   ख. परीक्षा गुरु   ग. गबन   घ. इनमें से कोई नहीं

2. एकांकी के सम्राट हैं– (1)

   क. सेठ गोविन्द दास   ख. डा. राम कुमार वर्मा

   ग. उदय शंकर भट्ट   घ. इनमें से कोई नहीं

3. शोक विकल सब रोवहिं रानी। रूप राशि बल तेज बखानी। इसमें कौन सा रस है? (1)

   क. करुण रस   ख. श्रृंगार रस   ग. भक्ति रस   घ. वीर रस

4. भारत–भारती किसकी रचना है? (1)

   क. मैथिलीशरण गुप्त   ख. प्रेमचन्द्र

   ग. जयशंकर प्रसाद   घ. महादेवी वर्मा

5. कपड़ा का तत्सम है– (1)

   क. वस्त्र   ख. कर्पट   ग. चीर   घ. दूकूल

6. प्रत्यय के भेद होते हैं– (1)

   क. तीन   ख. दो   ग. चार   घ. पांच

Hindustanknowledge.com

7. मध्वरि में कौन सी सन्धि है? (1)

क. गुण  ख. यण्  ग. दीर्घ  घ. अयादि

8. "द्रक्ष्यति" किस लकार, पुरुष, वचन का रूप है? (1)

क. लृट लकार, म.पु. एकवचन  ख. लृट्लकार प्र.पु. एकवचन

ग. लट् लकार प्र.पु. एकवचन  घ. लोट लकार प्र.पु. एकवचन

9. प्रत्युत्तर में प्रयुक्त उपसर्ग का नाम लिखिए। (1)

क. प्रत्यु  ख. प्रति  ग. प्र  घ. प्रत्

10. इनमें से कौन सममात्रिक छन्द है? (1)

क. रोला  ख. दोहा  ग. सोरठा  घ. इनमें से कोई नहीं

11. त्रिफला का समास विग्रह है– (1)

क. तीन फलों का समूह  ख. अमृतफलों का समूह

ग. दो फलों का समूह  घ. इनमें से कोई नहीं

12. खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य है– (1)

क. कामायनी  ख. प्रिय प्रवास  ग. साकेत  घ. उर्वशी

13. प्रयोगवाद के जनक हैं– (1)

क. अज्ञेय जी  ख. निराला जी  ग. पन्त जी  घ. महादेवी वर्मा जी

14. निम्नलिखित में से समन्वयवादी कवि कहा जाता है– (1)

क. तुलसीदास  ख. कबीरदास  ग. सूरदास  घ. इनमें से कोई नहीं

15. वात्सल्य रस का सम्राट किस कवि को कहा जाता है– (1)

क. सूरदास  ख. कबीरदास  ग. मीराबाई  घ. इनमें से कोई नहीं

16. चिन्तामणि भाग–एक, दो किस विधा की रचना है– (1)

क. उपन्यास  ख. निबन्ध  ग. नाटक  घ. रेखाचित्र

17. "निराला की साहित्य साधना" जीवनी किसकी रचना है– (1)

क. राम विलास शर्मा  ख. निराला जी

ग. अमृतराय जी  घ. इनमें से कोई नहीं

18. झूठा सच किस विधा की रचना है– (1)

क. उपन्यास  ख. नाटक  ग. रेखाचित्र  घ. गद्यगीत

19. इनमें से वृहत्त्रयी के कवि नहीं है– (1)

क. प्रसाद  ख. पन्त  ग. निराला  घ. महादेवी वर्मा

20. साहित्य सन्देश किस युग की पत्रिका है– (1)

क. छायावादी युग  ख. छायावादोत्तर युग

ग. द्विवेदी युग  घ. इनमें से कोई नहीं



Hindustanknowledge.com

## खण्ड–ब

21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

क. बहुत से लोग ऐसे होते हैं जिनके घडी भर के साथ से बुद्धिभ्रष्ट हो जाती है क्योंकि उतने ही बीच में ऐसी–ऐसी बातें कही जाती हैं, जो कानों में न पडनी चाहिए, चित्त पर ऐसे प्रभाव पड़ते हैं जिससे उसकी पवित्रता का नाश होता है। बुराई अटल भाव धारण करके बैठती है, बुरी बातें हमारी धारणा में बहुत दिनों तक टिकती है।

प्रश्न 1 उपयुक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। (2)

प्रश्न 2 रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। (2)

प्रश्न 3 बुराई की प्रकृति कैसी होती है? (2)

अथवा

ख. मुझे आज लिखना ही पड़ेगा, अंग्रेजी के प्रसिद्ध निबन्ध लेखक ए. जी. गार्डिनर का कथन है लिखने की एक विशेष मानसिक स्थिति होती है। उस समय मन में कुछ ऐसी उमंग सी उठती है, हृदय में कुछ ऐसी स्फूर्ति सी आती है, मस्तिष्क में कुछ ऐसा आवेग सा उत्पन्न होता है कि लेख लिखना ही पडता है। उस समय विषय की चिन्ता नही रहती। कोई भी विषय हो, उसमें हम अपने हृदय के आवेग को भर ही देते हैं। हैट टांगने के लिए कोई भी खूंटी काम दे सकती है उसी तरह अपने मनोभावों को व्यक्त करने के लिए कोई भी विषय वस्तु उपयुक्त है, असली वस्तु है हैट, खूटी नहीं। इसी तरह मन के भाव ही तो यथार्थ वस्तु हैं विषय नहीं।

प्रश्न 1 उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

प्रश्न 2 रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

प्रश्न 3 लिखने की विशेष मानसिक स्थिति कैसी होती है। 2

22. दिये गये पद्यांशों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क. चरण–कमल बन्दौ हरिराई।
जाकी कृपा पंगु गिरिलंघै, अन्धे कौ सब कुछ दरसाई।
बहिरौ सुनै गूंग पुनि बोलै, रंक चले सिर छत्र धराई।
सूरदास स्वामी करुनामय, बार बार बन्दौ तिहि पाई।।

प्रश्न 1 उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। (2)

प्रश्न 2 रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। (2)

प्रश्न 3 क. किसकी कृपा से लंगड़ा व्यक्ति पर्वत लांघ जाता है। (1)

ख. चरण कमल में कौन सा अलंकार है? (1)

(P.T.O.)

Hindustanknowledge.com

(a)

अथवा

ख. मेरे जीवन का आज मूक
तेरी छाया से हो मिलाप
तन तेरी साधकता छूले
मन ले करुणा की थाह नाप।
उर में पावस दृग में विहान।

प्रश्न 1 प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

प्रश्न 2 रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

प्रश्न 3 क. उक्त पंक्ति में महादेवी जी क्या इच्छा है? 2

अथवा

ख. महादेवी वर्मा जी ने किसकी महानता का वर्णन किया है।

23. दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिये। (2+3=5)

क. वाराणसी सुविख्याता प्राचीना नगरी । इयं विमल सलिल तरंगायाः गंगायाः कूले स्थिता । अस्याः घट्टानाम् वलयाकृतिः पंक्तिः धवलायां चन्द्रिकायां बहुराजते। अगणिताः पर्यटकाः सुदूरेभ्यः नित्यं अत्र आयन्ति, अस्याः घट्टानाच शोभां विलोक्य इमाम् बहुप्रशसन्ति।

अथवा

ख. दुर्मुखः द्वितीय कशाघातः (दुर्मुखः पुनः ताडयति) ताड़ितः चन्द्रशेखरः पुनः पुनः भारतं जयतु, इति वदति (एवं स पंचदश कशाधातैः ताड़ितः)। यदा चन्द्रशेखरः कारागारात् मुक्तः बहिः आगच्छति, तदैव सर्वेजनाः तं परितं वेष्टयन्ति, बहवः बालकाः तस्य पादयोः पतन्ति, तम् मालाभिः अभिनन्दयन्ति च।

24. दिये गये संस्कृत पद्यांश (श्लोक) में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अर्थ लिखिए। (2+3=5)

क. नितराम् नीचोऽस्मीति त्वं खेदं कूप कदापि मा कृथाः।
अत्यन्त सरसहृदयोयतः परेषां गुणग्रहीतासि।।

अथवा

ख. उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्ष तद् भारतं नाम, भारती यत्र संवतिः।।

Hindustanknowledge.com

25. अपने पठित खण्ड काव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ? (1x3=3)

क. 1. मुक्तिदूत खण्ड काव्य के तृतीय सर्ग की कथा वस्तु लिखिए।
2. मुक्तिदूत खण्ड काव्य के आधार पर महात्मा गांधी की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए।

ख. 1. ज्योतिजवाहर खण्ड काव्य का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
2. ज्योतिजवाहर खण्ड काव्य के आधार पर जवाहर लाल नेहरू की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए।

ग. 1. मेवाड़ मुकुट खण्ड काव्य के आधार पर महाराणा प्रताप का चरित्र चित्रण कीजिए।
2. मेवाड़ मुकुट खण्ड काव्य के आधार पर भामाशाह अथवा दौलत का चरित्र चित्रण कीजिए।

घ. 1. अग्र पूजा खण्ड काव्य के आधार पर इसके प्रमुख पात्र (नायक) का चरित्र चित्रण कीजिए।
2. अग्रपूजा खण्डकाव्य के आधार पर प्रथम सर्ग (पूर्वाभाग) सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

ङ. 1. जय सुभाष खण्ड के आधार उसके नायक का चरित्र चित्रण कीजिए।
2. जय सुभाष खण्ड की कथा संक्षेप में लिखिए।

च. 1. मातृभूमि खण्डकाव्य के नायक (चन्द्रशेखर) का चरित्रांकन कीजिए।
2. मातृभूमि खण्ड काव्य के द्वितीय सर्ग (संघर्ष) की कथा वस्तु पर प्रकाश डालिए।

छ. 1. कर्ण खण्ड काव्य के द्वितीय सर्ग (द्रौपदी सर्ग) की कथावस्तु लिखिए।
2. कर्ण खण्ड काव्य के आधार पर नायक कर्ण का चरित्र चित्रण कीजिए।

ज. 1. कर्मवीर भरत खण्ड काव्य के आधार षष्ठ सर्ग (राम भरत मिलन) का सारांश लिखिए।
2. कर्मवीर भरत खण्ड काव्य का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

झ. 1. तुमुल खण्डकाव्य के आधार पर लक्ष्मण का चरित्रांकन कीजिए।
2. तुमुल खण्डकाव्य के दशम सर्ग (हनुमान द्वारा उपदेश) का सारांश लिखिए।

Hindustanknowledge.com

26. क. दिये गये लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय एवं दो प्रमुख रचना लिखिए। (3+2=5)

1. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल 2. जय शंकर प्रसाद
3. डा. राजेन्द्र प्रसाद जी

ख. निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय एवं दो प्रमुख रचना लिखिए। (3+2=5)

1. महाकवि सूरदास 2. महाकवि गोस्वामी तुलसीदास
3. रसखान जी

27. अपनी पाठ्य पुस्तक में से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए। (जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो)। (2x1=2)

28. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संस्कृत भाषा में लिखिए। (2+2=4)

क. काशीनगरी कस्याः नद्याः कूले स्थिता?

ख. कवि हंसं कि बोधयति?

ग. वीरःकेन पूज्यते?

घ. ज्ञान कुत्र सम्भवति?

29. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा शैली में निबन्ध लिखिए— (9)

क. सड़क दुर्घटना के कारण और निवारण।

ख. प्रदूषण के कारण एवं निवारण।

ग. देश प्रेम

घ. मेरा प्रिय कवि

Hindustanknowledge.com